# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 01.07.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 01.07.2025

### बागवानी की आधुनिक तकनीक बताई

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से सोमवार को पड़ाव स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान में विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बागवानी की आधुनिक तकनीक के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में उद्यान विशेषज्ञ गौरव ने बताया कि वर्षा ऋतु पौधों की वृद्धि के लिए सर्वोत्तम होती है। सब्जियों के अवशेषों से किस प्रकार कम्पोस्ट खाद तैयार की जा सकती है। इस अवसर पर उद्यान प्रभारी अरविंद शर्मा, पर्यटन अधिकारी नितिन द्विवेदी, जोनल अधिकारी गौरव प्रकाश सिंह मौजूद रहे। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 01.07.2025

### कालभैरव मार्ग और मैदागिन चौराहे पर गूंजेगी ऊं की ध्वनि

**वाराणसी।** क़ालभैरव मार्ग और मैदागिन चौराहे पर ऊं की ध्वनि गूंजेगी। इसके लिए वीडीए की ओर से सुंदरीकरण की योजना बनाई गई है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने सोमवार को इस इलाके का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सुंदरीकरण परियोजना का एक और महत्वपूर्ण हिस्सा काल भैरव मंदिर मार्ग है। इस गली में भित्ति चित्रों और धार्मिक पेंटिंग्स से दीवारों को सजाया जा रहा है। साथ ही मंदिर गेट और गली के भीतर ध्वनि प्रणाली लगाएं जाना प्रस्तावित है। जिनसे निरंतर ऊं की सुनाई देगी। इससे आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को एक विशिष्ट आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव मिलेगा। उन्होंने इस क्षेत्र में बेहतर यातायात प्रबंधन, हरियाली और सांस्कृतिक सुंदरीकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शहर के प्रमुख चौराहों और धार्मिक स्थलों को व्यवस्थित व सौंदर्यपूर्ण स्वरूप देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों, अभियंताओं को विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 01.07.2025

### ध्वस्त कराई अवैध प्लॉटिंग

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से सोमवार को बीरापटटी में अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई गई। वार्ड शिवपुर में अज्ञात की ओर सिकंदरपुर अंडरपास, बीरापट्टी में बिना लेआउट स्वीकृत कराए लगभग 8000 क्षेत्रफल में प्लॉटिंग की जा रही थी। जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा की देखरेख में कार्रवाई की गई। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान–दि0 01.07.2025

### मैदागिन-कालभैरव मार्ग पर गूंजेगी 'ॐ' की ध्वनि

**वाराणसी।** वीडीए प्रशासन मैदागिन, कालभैरव मार्ग का सुंदरीकरण कराएगा। कालभैरव मंदिर के आसपास श्रद्धालुओं को 'ॐ' की ध्वनि भी सुनाई देगी। सोमवार को सुंदरीकरण परियोजना का निरीक्षण वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने किया। उन्होंने अधिकारियों और अभियंताओं को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता युक्त कार्य करने, सौंदर्यीकरण में काशी की सांस्कृतिक पहचान उभारने और पर्यटकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस क्षेत्र में वीडीए प्रशासन पौधरोपण कराएगा। पाथ-वे बनाया जाएगा।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## हिन्दुस्तान—दि0 01.07.2025

### वीडीए के दो कर्मचारी नेता रिटायर, दी गई विदाई



वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। वीडीए मुख्यालय में सोमवार को वीडीए डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी एवं वीडीए कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुनील सिन्हा को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने दोनों कर्मचारियों को सम्मानित किया।

इस दौरान अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंडल अध्यक्ष दिवाकर द्विवेदी, जिला अध्यक्ष शशिकांत श्रीवास्तव, एसई अजय पवार, एक्सईएन अरविंद शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, जोनल अधिकारी संजीव कुमार, सिंह गौरव जयप्रकाश, श्रीप्रकाश, नए अध्यक्ष रवींद्र प्रकाश, महामंत्री अशोक यादव आदि रहे।

#### नई कार्यकारिणी बनी

अपर सचिव गुडाकेश शर्मा ने सोमवार को वीडीए कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। अध्यक्ष के रूप में अभिषेक सिंह को जिम्मेदारी दी गई।

## न्यायाधीश—दि0 01.07.2025

### अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित



वाराणसी।उपाध्यक्ष द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में जोन-1, वार्ड-शिवपुर के अंतर्गत में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।वार्ड-शिवपुर के अंतर्गत अज्ञात द्वारा मौजा- सिकन्दरपुर अंडरपास, बीरापट्टी रोड में बिना लेआउट स्वीकृत कराए लगभग 8000 क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किये जाने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 के अन्तर्गत धारा-27 एवं 28 के अंतर्गत नोटिस 25.02.2025 की कार्यवाही की गयी थी परन्तु प्लाटिंगकर्ता द्वारा ले-आउट शमन मानचित्र दाखिल नहीं किया गयाए तदृक्रम में प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण आदेश दिनांक 13.05.2025 को पारित किया गया। पारित ध्वस्तीकरण के अनुपालन में आज दिनांक 30.06.2025 को ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।मौके पर जोनल अधिकारी श्री शिवाजी मिश्रा एवं अवर अभियंता रोहित कुमार तथा प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## न्यायाधीश–दि0 01.07.2025

### पौधप्रेमियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित,बागवानी और जैविक खाद निर्माण की दी गई जानकारी



वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार पड़ाव स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान में आज दिनांक 30/06/2025 को एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में उपस्थित पौधप्रेमियों को बागवानी की आधुनिक तकनीकों एवं जैविक खाद निर्माण के व्यावहारिक तरीकों से अवगत कराया गया।कार्यशाला में उद्यान विशेषज्ञ गौरव ने बताया कि वर्षा ऋतु पौधों की वृद्धि के लिए सर्वोत्तम होती है। उन्होंने प्रत्यक्ष प्रयोग के माध्यम से यह प्रदर्शित किया कि बगीचों में गिरे सूखे पत्तों एवं रसोई में बचने वाले सब्जियों के अवशेषों से किस प्रकार कम्पोस्ट खाद तैयार की जा सकती है। गड्ढा बनाकर उसमें सूखे पत्ते, सब्जी वेस्ट और यूरिया मिलाकर कुछ समय तक रखने से उत्तम जैविक खाद प्राप्त होती है।वर्मीकम्पोस्ट (केंचुआ खाद) की विधि का भी विस्तृत परिचय कराया गया। बताया गया कि केंचुए मिट्टी की उर्वरता बढ़ाते हैं और पौधों के लिए आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करते हैं। 'राइस फर्स्ट' तकनीक के अंतर्गत धान की भूसी का प्रयोग मिट्टी की नमी और तापमान संतुलन के लिए उपयोगी बताया गया।इसके अतिरिक्त, टूटे हुए गमलों के पुनः उपयोग, कोकोपीट, रेत व मिट्टी के संतुलन से गमले भरने जैसी उपयोगी जानकारियाँ भी साझा की गईं।इस अवसर पर उद्यान प्रभारी श्री अरविंद शर्मा, पर्यटन अधिकारी श्री नितिन द्विवेदी, जोनल अधिकारी श्री गौरव प्रकाश सिंह, एवं विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## दैनिक जागरण–दि0 01.07.2025

### वीडीए में बदले 11 लिपिकों के कार्यक्षेत्र

जासं वाराणसी : वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर कार्यालय और जोन के लिपिकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। वरिष्ठ लिपिक शंकर नारायण उपाध्याय का संपत्ति अनुभाग से लेखा में, वरिष्ठ लिपिक धर्मेंद्र कुमार सिंह का विन्यास से जोन पांच में, वरिष्ठ लिपिक अभिषेक कुमार सिंह का अधिष्ठान से संपत्ति में, कनिष्ठ लिपिक फराज खान का जोन से निर्माण में, कनिष्ठ लिपिक राम बहादुर का निर्माण से अधिष्ठान में, कनिष्ठ लिपिक प्रणव श्रीवास्तव का संपत्ति से जोन चार में, कनिष्ठ लिपिक रक्षित रघुवंशी का जोन से संपत्ति अनुभाग में, कनिष्ठ लिपिक महेंद्र कुमार का जोन से अधिष्ठान में, कनिष्ठ लिपिक विनोद कुमार यादव का लेखा से जोन दो में और कनिष्ठ लिपिक सिकंदर कुमार नियोजन अनुभाग के साथ विन्यास का काम देखेंगे।